एक नजर में

संधमारी : एक चोर अरेस्ट, 2 की तलाश

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. नवीन कामठी थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी, सईदनगर में घर का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस की अपराध शाखा यूनिट-4 ने न्यू गोडाउन, नवीन कामठी निवासी मुख्य आरोपी विशाल उर्फ नांदी राजाराम कुशवाह (19) को अरेस्ट किया. उसके अन्य 2 साथियों वारिसपुरा, कामठी निवासी सोहेल दरगा और यूसुफ की तलाश जारी है. वारदात में चोरी किया गया पूरा माल विशाल की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया. जानकारी के अनुसार, सईदनगर, कामठी निवासी वसीम अख्तर कलीम अख्तर (34) अपने परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह करीब 8.45 बजे घर को ताला लगाकर ससुराल गये थे. अगले दिन लौटने पर घर का ताला टूटा मिला. किसी अज्ञात व्यक्ति ने भीतर प्रवेश कर 8,000 रुपए नकद, सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, मोबाइल, 2 एटीएम कार्ड, पैनकार्ड और वाहन चलाने का लाइसेंस सहित करीब 16,500 रुपए का माल चोरी कर लिया था. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो संदिग्ध के तौर पर विशाल का नाम सामने आया. हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने साहिल और यूसुफ के साथ मिलकर उक्त चोरी की कबूली दी. उसके पास से चोरी किया सारा माल बरामद कर लिया गया. पुलिस ने विशाल को अरेस्ट कर साहिल और यूसुफ की तलाश शुरू की है.

युवक के पास मिला 10 ग्राम MD

अरेस्ट, महिला साथी की तलाश

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. क्राइम ब्रांच की यूनिट-4 ने गुप्त सूचना के आधार पर नंदनवन थाना क्षेत्र में एक युवक के पास से 10.860 ग्राम एमडी, दोपहिया वाहन समेत 1,78,520 रुपये का माल जब्त किया. गिरफ्तार आरोपी का नाम शिवणकर झोपड़पट्टी, नंदनवन निवासी नूर मोहम्मद उर्फ मोबिन फिरोज खान (23) बताया गया. पुलिस उसे एमडी उपलब्ध कराने वाली साथी रुखसार की तलाश कर रही है. जानकारी के अनुसार, रात करीब 10.55 बजे गश्ती दल को सूचना मिली कि केडीके कॉलेज टी पॉइंट के पास मैदान में एक युवक एमडी बेच रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस ने फिल्डिंग लगाकर नूर मोहम्मद को हिरासत में लिया. तलाशी लेने पर उसके पास से 3,520 रुपये नकद और दोपहिया वाहन में 10.860 ग्राम एमडी मिला. पुलिस ने मौके से एमडी, दोपहिया वाहन, मोबाइल समेत 1,78,520 रुपये का माल जब्त किया. पूछताछ में नूर ने बताया कि उसे ये माल उसकी साथी महिला रुखसार ने बेचकर पैसा कमाने के लिए उपलब्ध कराया था. पुलिस ने रुखसार को भी आरोपी बनाकर उसकी तलाश शुरू कर दी. जांच जारी है.

धारदार चाकू के साथ अपराधी अरेस्ट

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. क्राइम ब्रांच की यूनिट 1 ने रात करीब 10.45 बजे राणा प्रताप नगर थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान एक अपराधी को धारदार चाकू के साथ अरेस्ट किया. आरोपी का नाम धम्मदीपनगर निवासी सौरभ दादाराव चपाने (27) बताया गया. गश्त के दौरान पुलिस को जयप्रकाश नगर से नरेन्द्र नगर पुल की ओर जाने वाली रोड पर एक युवक संदिग्ध रूप से दोपहिया वाहन पर नजर आया. रोककर पूछताछ करने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका. तलाशी के दौरान उसके वाहन की डिक्की में एक धारदार चाकू मिला. उसके पास से चाकू और दोपहिया वाहन समेत कुल 80,500 रुपये का माल जब्त किया गया. पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसे अरेस्ट कर लिया.

14 वर्ष बाद अनुदानित स्कूलों में भर्ती को मिली हरी झंडी

जिले में शिक्षकेत्तर कर्मियों की 400 भर्ती का रास्ता साफ

819 स्कूलों को लाभ मिलेगा जिले में

23 हजार शिक्षकेत्तर पद भरे जाएंगे राज्य में

80 फीसदी रिक्त पदों के लिए मिली मंजूरी

नागपुर, महानगर संवाददाता. ?अनुदानित माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की भर्ती का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार अब खत्म होने की उम्मीद है. राज्य सरकार ने कनिष्ठ लिपिक, पूर्णकालिक ग्रंथपाल और प्रयोगशाला सहायक इन तीन संवर्गों के 80 प्रतिशत रिक्त पदों पर भर्ती को मंजूरी दे दी है?. इससे राज्य में करीब 23 हजार पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हुआ है?. नागपुर जिले में इसका सीधा असर देखने को मिलेगा. जिले के 819 अनुदानित स्कूलों में लिपिक और प्रयोगशाला सहायकों के करीब 400 पद भरे जाने की संभावना है.

शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की भर्ती पर करीब 14 वर्षों से लगी अघोषित ब्रेक के बाद अब प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी. शालेय शिक्षा विभाग ने 11 अगस्त 2026 को शासन निर्णय जारी कर भर्ती के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं. इससे नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है. जिले में बड़ी संख्या में अनुदानित माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल हैं. इनमें लंबे समय से लिपिक और प्रयोगशाला सहायकों के पद रिक्त पड़े हैं. अब 80 प्रतिशत रिक्त पद भरने की मंजूरी मिलने के बाद जिले के 819 अनुदानित स्कूलों में करीब 400 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है.

- राज्य में 30 हजार पदों का आंकड़ा

राज्य में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के करीब 30 हजार मंजूर पद हैं. इनमें प्रमुख रूप से कनिष्ठ लिपिक के करीब 25 हजार मंजूर पद हैं. 80 प्रतिशत के नियम के अनुसार लगभग 18,400 पद भर्ती के दायरे में आएंगे. प्रयोगशाला सहायक के करीब 6,500 पद मंजूर हैं. इनमें से 5 हजार से अधिक पद भरे जा सकेंगे. इन दोनों संवर्गों को मिलाकर करीब 23 हजार पदों पर भर्ती का मार्ग खुला है. पूर्णकालिक ग्रंथपाल संवर्ग के रिक्त पद भी सरकार के 80 प्रतिशत भर्ती निर्णय के दायरे में हैं. भर्ती शुरू करने से पहले संबंधित संवर्ग की बिंदुनामावली (रोस्टर) की पिछड़ा वर्ग कक्ष से जांच कराना अनिवार्य होगा. प्रमाणित बिंदुनामावली और निर्धारित प्रारूप में विज्ञापन के साथ प्रस्ताव संबंधित शिक्षा अधिकारी या विभागीय शिक्षा उपनिदेशक के पास भेजना होगा.

- संचमान्यता ने रोकी थी भर्ती

राज्य सरकार ने 4 अप्रैल 2025 के शासन निर्णय के माध्यम से सीधी भर्ती कोटे के कुल रिक्त पदों में से 80 प्रतिशत पद भरने को मंजूरी दी थी लेकिन संचमान्यता प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने 28 मई 2025 को शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की भर्ती पर रोक लगा दी थी. अब यह रोक हटा दी गई है. नई गाइडलाइन के अनुसार संचमान्यता और रोस्टर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद भर्ती आगे बढ़ सकेगी.

- पहले पदोन्नति, फिर अनुकंपा नियुक्ति

रिक्त पदों को सीधे भर्ती से भरने से पहले पदोन्नति प्रक्रिया पूरी की जाएगी. नियमित नियुक्ति पर कार्यरत पात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपलब्ध होने पर उन्हें संबंधित पद पर पदोन्नति दी जाएगी. पदोन्नति के बाद भी पद रिक्त रहने पर अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया अपनाई जाएगी. इसके बाद बची हुई रिक्तियों को निर्धारित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भरा जाएगा.

- कनिष्ठ महाविद्यालयों का पेंच कायम

भर्ती का रास्ता खुलने से शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों में उम्मीद जगी है. हालांकि कनिष्ठ महाविद्यालय से जुड़े स्कूलों और स्कूल-कॉलेजों की संचमान्यता का मुद्दा अभी पूरी तरह हल नहीं हुआ है.

कई वर्षों की प्रतीक्षा के बाद माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की भर्ती का रास्ता साफ हुआ है. हालांकि कनिष्ठ महाविद्यालय से जुड़े स्कूल-कॉलेजों की संचमान्यता का पेंच अभी कायम है. सरकार को इसे भी जल्द सुलझाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती हो सके.

- अशोक गव्हाणकर, महासचिव, विजुक्टा

पांचपावली पुलिस ने जब्त किया 12.30 ग्राम एमडी

2 जगह कार्रवाई में 2 आरोपी अरेस्ट, 2 की तलाश

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. गुप्त सूचना के आधार पर 2 अलग-अलग कार्रवाई करते हुए पांचपावली पुलिस ने 2 आरोपियों को अरेस्ट किया और उनके पास से कुल 12.30 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त किया. दोनों के पास से एमडी के अलावा दोपहिया और वाहन समेत कुल 3,78,400 रुपये का माल जब्त किया. गिरफ्तार आरोपियों के नाम हमीदनगर, यशोधरानगर निवासी अलफाक मोहम्मद मुकीम मलिक (24) और स्वामीनगर, पाचपावली निवासी भूषण सचिन खापरे (19) बताए गए. पुलिस उनके साथियों नई बस्ती टेका निवासी कैफ मलिक (22) और बालाभाऊपेठ निवासी आकाश उर्फ मानुस चंद्रभान पराते की तलाश कर रही है. जानकारी के अनुसार, पहली कार्रवाई में वैशालीनगर क्षेत्र में डॉ. आम्बेडकर मैदान के पास खुले क्षेत्र में दोपहिया वाहन (एमएच49/बीवी-8522) चलाते अलफाक को रोककर तलाशी ली गई. उसके पास से पुलिस को 5.90 ग्राम एमडी मिला. उसने बताया कि यह एमडी कैफ ने उपलब्ध कराया था. पुलिस ने एमडी, एम मोबाइल और दोपहिया वाहन समेत कुल 1.74 लाख का माल जब्त किया. वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर बास्केटबॉल ग्राउंड से अहमदनगर ग्राउंड की ओर जाने वाली गली में भूषण को हिरासत में लिया. तलाशी में उसके पास 16.4 ग्राम एमडी, एक महंगा मोबाइल और 400 रुपये समेत 2,04,400 रुपये का माल जब्त किया गया.

पूछताछ में उसने बताया कि उसे ये एमडी आकाश ने उपलब्ध कराया था. पुलिस ने दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है.

ग्रामसभा का काम कराने का मुख्याध्यापकों का विरोध

प्राथमिक शिक्षक संगठनों की समन्वय समिति का बहिष्कार का फैसला

नागपुर, महानगर संवाददाता. ग्रामसेवकों के बहिष्कार के कारण ग्रामसभा का कामकाज मुख्याध्यापकों और शिक्षकों को सौंपने के फैसले की चर्चा के बीच शिक्षकों में नाराजगी बढ़ गई है. मुख्याध्यापक और शिक्षक संगठनों ने ग्रामसभा का कामकाज गैर-शैक्षणिक कार्य बताते हुए इसका विरोध किया है. नागपुर जिले के सभी प्राथमिक शिक्षक संगठनों की समन्वय समिति ने स्पष्ट किया है कि यदि शिक्षकों को ग्रामसभा का काम सौंपा गया तो वे इस कार्य का बहिष्कार करेंगे.

समन्वय समिति के अनुसार मुख्याध्यापक और शिक्षकों का प्रमुख दायित्व विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना और स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करना है. ग्रामसभा का आयोजन, बैठक का संचालन, कार्यवाही का लेखन तथा अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां शिक्षकों के मूल शैक्षणिक कार्यक्षेत्र का हिस्सा नहीं हैं. शिक्षक संगठनों का कहना है कि स्कूलों में पहले से ही विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ लगातार बढ़ रहा है. इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और शैक्षणिक गुणवत्ता पर पड़ रहा है. ऐसे में मुख्याध्यापकों और शिक्षकों को ग्रामसभा का काम सौंपना उनके ऊपर अतिरिक्त गैर-शैक्षणिक जिम्मेदारी डालने के समान है.

निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग

समन्वय समिति ने मांग की है कि मुख्याध्यापकों और शिक्षकों को ग्रामसभा का कामकाज सौंपने का निर्णय तत्काल वापस लिया जाए. समिति ने चेतावनी दी है कि यदि यह गैर-शैक्षणिक जिम्मेदारी शिक्षकों पर थोपी गई तो नागपुर जिले के सभी प्राथमिक शिक्षक संगठनों की समन्वय समिति इस कार्य का बहिष्कार करेगी. शिक्षक संगठनों के नेताओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों को उनके मूल शैक्षणिक कार्य से दूर करना अंततः विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को नुकसान पहुंचाने वाला कदम साबित होगा.

विवि में सफाई टेंडर घोटाला

दोषी ठेकेदार पर तत्काल एफआईआर दर्ज करें

नागपुर, महानगर संवाददाता. एनएसयूआई द्वारा पिछले दिनों सौंपे गए ज्ञापन और शिकायतों के बावजूद नागपुर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अब तक कोई जांच समिति गठित कर जारी नहीं की गई और न ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं. संगठन की ओर से फिर से विवि में आंदोलन किया गया.

सफाई और रखरखाव टेंडर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और धांधली हुई है, जो विवि के उच्च अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है. प्रशासनिक अधिकारियों और भ्रष्ट तत्वों की सांठगांठ के कारण ही दोषी ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं और उसे किसी कार्रवाई का डर नहीं है. प्रशासन मामले को टालकर और समय बीतने का इंतजार करके केवल लीपापोती करने में जुटा हुआ है. एनएसयूआ ?ई ने इस टेंडर घोटाले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए तत्काल गठित समिति करने की मांग की है. यदि विद्यापीठ प्रशासन दोषी ठेकेदार और लिप्त अधिकारियों के खिलाफ अविलंब पुलिस प्राथमिकी दर्ज नहीं करता है तो छात्र बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे,

जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्यापीठ प्रशासन और उपकुलपति की होगी. आंदोलन में अजीत सिंह, अतुल खोब्रागड़े, आशीष मंडपे, नीलेश खोरगड़े, मुरली साहू, विद्यासागर त्रिपाठी, दयाशंकर साहू, रॉयल गेडाम, संघपाल निकोसे, अनिकेत मैत्रेय, आकाश रामटेके, प्रणय कुंभलकर आदि उपस्थित थे.

नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

पाथाखेड़ा। शासकीय कन्या शाला सारनी में नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील हरकत एवं छेड़छाड़ के गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में सारनी पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को सूचना मिली थी कि शासकीय कन्या शाला में पदस्थ शिक्षक द्वारा स्कूल समय के दौरान नाबालिग छात्राओं के साथ कथित रूप से बुरी नीयत से अश्लील हरकत एवं छेड़छाड़ की गई। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सारनी थाने में आरोपी के विरुद्ध धारा 74 बीएनएस तथा धारा 7/8, 9/10 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए ?5 हजार का इनाम घोषित किया। उनके निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं एसडीओपी सारनी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक प्रीति पालेवार एवं प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके की सराहनीय अहम भूमिका रही।

अतिक्रमण हटाकर रास्ता खुलवाने की मांग

मुलताई। नगर में रेल्वे पटरी पार तासी वार्ड एवं अम्बेडकर वार्ड के रामनगर क्षेत्र में निवास करने वाले लोगो को अपने घर आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, रेल्वे ने जहां अपनी सीमा पर बाउंड्रीवाल बना ली है वहीं बोरदेही रोड से इस ओर आने वाले क्षेत्र में अतिक्रमण होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। शुक्रवार को क्षेत्र की करीब एक दर्जन महिलाओं ने पार्षद निर्मला बेले एवं शिल्पा शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर पालिका पहुंचकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) वीरेंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने बताया कि उनके मकान मुलताई रेलवे स्टेशन के सामने स्थित हैं। हाल ही में रेलवे द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण किए जाने के बाद उनके मकानों तक आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। इससे रोजाना आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। ज्ञापन में बताया रामनगर से बोरदेही रोड की ओर पहले से ही अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित रहता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

रेल विभाग द्वारा अपनी सीमा में बाउंड्रीवाल बनाने के बाद आवागमन की समस्या और गंभीर हो गईं है। वार्डवासियों ने नपा से मौके का निरीक्षण कर रेलविभाग से समन्वय स्थापित कर रास्ता उपलब्ध कराने तथा अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

माता मंदिर में आज से अखंड रामायण पाठ

बैतूल। श्रावण मास के पावन अवसर पर खप्पर वाली माता मंदिर समिति विनोबा वार्ड द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन की शुरुआत आज शनिवार 22 अगस्त को सुबह 10 बजे होगी। अखंड रामायण पाठ का समापन रविवार 23 अगस्त को दोपहर 12 बजे होगा। समापन अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से मंदिर परिसर में भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने और अखंड रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

आनंद धाम वृद्धाश्रम में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर संपन्न

बैतूल। होम्योपैथी केवल होम्योपैथी केवल ऊपरी लक्षणों को दबाने के बजाय बीमारी के मुख्य कारण, मानसिक स्थिति और शारीरिक प्रकृति को ध्यान में रखकर इलाज करती है। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आनंद धाम वृद्धाश्रम में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैतूल शहर के होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ.मनोज वरवड़े एवं डॉ.ओम प्रकाश चौहान ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया और होम्योपैथिक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया। शिविर के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत 23 वृद्धजनों सहित स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझते हुए आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। इस मौके पर डॉ.वरवड़े ने बताया कि यह दवाएं पौधे, खनिज और प्राकृतिक पदार्थों से बेहद सूक्ष्म रूप में तैयार की जाती हैं। डॉ.चौहान ने बताया कि होम्योपैथी शरीर की प्राकृतिक आत्म-उपचार शक्ति को उत्तेजित करती है, जिससे शरीर बीमारियों से खुद लड़ने में सक्षम बनता है।

वृद्धाश्रम में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर संपन्न

बैतूल। होम्योपैथी केवल होम्योपैथी केवल ऊपरी लक्षणों को दबाने के बजाय बीमारी के मुख्य कारण, मानसिक स्थिति और शारीरिक प्रकृति को ध्यान में रखकर इलाज करती है। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आनंद धाम वृद्धाश्रम में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैतूल शहर के होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ.मनोज वरवड़े एवं डॉ.ओम प्रकाश चौहान ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया और होम्योपैथिक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया। शिविर के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत 23 वृद्धजनों सहित स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझते हुए आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। इस मौके पर डॉ.वरवड़े ने बताया कि यह दवाएं पौधे, खनिज और प्राकृतिक पदार्थों से बेहद सूक्ष्म रूप में तैयार की जाती हैं। डॉ.चौहान ने बताया कि होम्योपैथी शरीर की प्राकृतिक आत्म-उपचार शक्ति को उत्तेजित करती है, जिससे शरीर बीमारियों से खुद लड़ने में सक्षम बनता है।

पूर्व सैनिक हत्याकांड मामले में एसआईटी जांच की मांग

बैतूल। महाराष्ट्र के नांदेड़ ग्रामीण थाना क्षेत्र में पूर्व सैनिक इंद्रजीत सिंह बावरी की धारदार हथियारों से हुई हत्या के बाद सिख-सिकलीगर समाज में आक्रोश है। इस मामले में ऑल सिख-सिकलीगर एसोसिएशन मध्यप्रदेश और जनमानस कल्याण संस्थान ने एकजुट होकर बैतूल में एसपी को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। जिला अध्यक्ष सतनाम सिंह बावरी, प्रदेश प्रवक्ता चंदन सिंह बग्गा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों तक मांगें पहुंचाने का आग्रह किया गया। आवेदन में बताया कि करीब 25 वर्षीय इंद्रजीत सिंह बावरी, ऑल सिख-सिकलीगर एसोसिएशन भारत के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलजीत सिंह बावरी के पुत्र थे। मोटरसाइकिल जब्ती को लेकर हुए विवाद के बाद इंद्रजीत सिंह को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके कुछ समय बाद करीब आठ हमलावर चार मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पहुंचे और इंद्रजीत सिंह पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में उनकी मौत हो गई। मामले में के.बी. गैंग के नाम की भी चर्चा सामने आई है। समाज की ओर से इस गैंग की कथित भूमिका की जांच की मांग की गई है। बताया गया है कि कैलाश बिधानिया, नितिन बिधानिया और ज्योति बिधानिया से जुड़े इस गैंग के नांदेड़ क्षेत्र में वर्ष 2007 से सक्रिय होने तथा पूर्व में कई गंभीर आपराधिक मामलों में नाम सामने आने की बात कही जा रही है। ऑल सिख-सिकलीगर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजू सिंह बावरी, जिला अध्यक्ष सतनाम सिंह बावरी और प्रदेश प्रवक्ता चंदन सिंह बग्गा ने प्रशासन के समक्ष पांच सूत्रीय मांगें रखीं।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान : कलेक्टर द्वारा लोगों के घर-घर जाकर उनकी समस्या सुन अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

नव भारत न्यूज

पांढुरना, 21 अगस्त, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने शुक्रवार को नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं जनसमस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने गांधी वार्ड, घनपेठ वार्ड, जाटवा वार्ड, तिलक वार्ड एवं आजाद वार्ड का निरीक्षण किया तथा नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं समस्याओं के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई, नालियों की स्थिति, पेयजल पाइपलाइन, कचरा संग्रहण सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने खाली स्थानों एवं प्लांट क्षेत्रों में कचरा और कबाड़ रखने वालों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। प्लांट परिसर में कचरा पाए जाने पर 5 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। जाटवा वार्ड में अनावश्यक रूप से बनाए गए शौचालय को हटाने तथा क्षेत्र में घूम रहे गोवंश को गौशाला भेजने के निर्देश दिए गए। विभिन्न वार्डों में आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। तिलक वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन के लिए मंदिर परिसर में स्थान उपलब्ध कराने तथा समिति को 1100 रुपये प्रतिमाह भुगतान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आजाद मैदान एवं नदी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए नदी में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी क्षेत्र के पास कचरा वाहन लगभग एक घंटे तक खड़ा रहेगा। इसके बाद नदी में कचरा फेंकते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति पर 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। आजाद मैदान में फेंसिंग कराने के निर्देश भी दिए गए। आजाद वार्ड में अवैध रूप से बनाए जा रहे मकानों के संबंध में नोटिस जारी करने तथा नियम विरुद्ध लगाए गए बिजली के खंभों को हटाने के निर्देश दिए।

माध्यमिक शाला का निरीक्षण

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, साफ-सफाई एवं शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षिका अनुपस्थित पाई गईं, जिस पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने उन्नति स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार किए जा रहे मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित रजिस्टर की जांच की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप ही मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी सोमवार, 31 अगस्त को विद्यालय का पुनः निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, साफ-सफाई, शिक्षकों की उपस्थिति तथा विद्यार्थियों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की पुनः समीक्षा की जाएगी।

कार्य में लापरवाही पर वेतन रोकने और नोटिस के निर्देश

घनपेठ वार्ड में राजस्व निरीक्षक मेघराज धोटे के कार्यों को लेकर कलेक्टर ने वेतन रोकने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही खुले स्थानों अथवा प्लांट क्षेत्रों में कबाड़ एवं कचरा रखने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई एवं जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही संज्ञान लेकर उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने, सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने, अतिक्रमण एवं अव्यवस्थाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा नागरिकों को सुचारू एवं बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।